54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.6°c अधिकतम 31.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:49, सूर्यास्त - 6:55 | वर्ष : 54/ अंक : 228 | बुधवार, 19 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

सच, कर्म और चरित्र को क्रांति के बाद की चीज नहीं समझना चाहिए। इन्हें तो क्रांति के साथ-साथ चलना चाहिए।

उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह क्या बोल रहे हैं, अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं : ओमप्रकाश राजभर



नेता.... नेता की खिल्ली उड़ाए यह अच्छी बात नहीं है... उपचार करवाना चाहिए...

# तबाही की बारिश में डूबा शहर

- सड़कों से गलियों तक सैलाब, गोल मार्केट के चबूतरे को लांघ दुकानों में घुसा पानी
- शहर का कोई गली मौहल्ला बाढ़ से अछूता नहीं बचा, पानी पर तैरा घरों का सामान
- बाजारों से घरों तक लाखों का नुकसान, वाइपर से सूंतने लायक भी नहीं छोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** करीब एक घंटे की तह तोड़ बारिश ने शहर को ऐसा डुबोया कि लोग त्राहि-त्राहि कर उठा। ऐसा लगा कि विकास बाढ़ में तैर रहा हो। सड़कों और गलियों में सैलाब नजर आया तो दुकानों और घरों में पानी भरने के साथ घरों के सामान पानी में तैरते नजर आए। निचले इलाकों समेत तमाम स्थानों पर ऐसा लगा जैसे पानी तबाही मचाने को तैयार हो। हालत यह थी कि शहर के शिवचौक पर पांच फीट पानी चढ़ा तो गोल मार्केट के चबूतरे लांघ कर दुकानों के अंदर तक घुस गया। एसडी कॉलेज मार्केट और आसपास के इलाकों में पानी ने दुकानदारों का लाखों का नुकसान कर दिया। निचले इलाकों में तो बारिश थमने के घंटों बाद तक भी लोग पानी में डूबे नजर आए। अनेक जगह वाहन पानी में डूबकर बंद हुए तो उन्हें खींचना टेढ़ी खीर हो गया। एक घंटे में 45.6 मिमी बारिश से ऐसा लगा जैसे बादल फट गया हो। नगर में आज तापमान अधिकतम 31.5 और न्यूनतम 24.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

वैसे तो इस मौसम में शहर कई बड़ी बारिशें ोल चुका है, लेकिन आज तो एक घंटे तक बादल फटने जैसे नजारे के साथ पूरा शहर चंद मिनटों में ही पानी में डूब गया। सुबह से बादलों और धूप की लुकाछिपी के बीच करीब चार बजे हल्की बारिश के बाद जो पानी बरसना शुरू हुआ तो लोग जहां के तहां फंसे रह गए। इसके बाद थोड़ी ही देर में सड़कों पर सैलाब जैसा नजारा दिखाई दिया। शिवचौक, रुड़की रोड, मेरठ रोड, अंसारी रोड, शामली रोड, जानसठ रोड, भोपा रोड, पचैंडा रोड, गांधी कॉलोनी, नई मंडी, आदर्श कॉलोनी समेत तमाम इलाकों में सड़कों पर समंदर सा दृश्य था। निचली आबादियों रामपुरी, जनकपुरी, शहाबुद्दीनपुर रोड, रामलीला टीला, लद्दावाला, नई आबादी के साथ खालापार के तमाम इलाकों, नुमाइश कैंप आदि तमाम क्षेत्रों में जल थल एक हो गया।



### जलभराव ने छीन लिया गरीब डिलीवरी ब्वाय का रोजगार

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** बारिश और बाढ़ ने एक गरीब डिलीवरी ब्वाय का रोजगार ही छीन लिया। एक खाद्य पदार्थ सप्लाई करने वाली कम्पनी का डिलीवरी ब्वाय के लिए उस समय संकट खड़ा हो गया जब शिवचौक पर उसका मोबाइल निकलकर पानी में गिर गया। मोबाइल पानी के अंदर गुम हो गया और काफी खोजने के बाद भी नहीं मिला। डिलीवरी ब्वाय का रो-रोकर बुरा हाल था। उसका कहना था कि इस मोबाइल से ही उसका रोजगार चलता था और उसके पास दूसरा मोबाइल खरीदने के साधन भी नहीं है। ऐसे में अब उसका क्या होगा?

### असहाय खड़े लोग बर्बादी का नजारा देखते रहे

पानी समुंदर की लहरों की तरह सड़क की बाधाएं तोड़कर घरों और दुकानों में घुसने लगा तो लोग असहाय खड़े अपनी ही बर्बादी का नजारा देखते रहे। हालात यह थे कि शिवचौक पर गोलमार्केट के ऊंचे चबूतरे को पार कर अंदर तक पानी दुकानों के भीतर घुस गया। एसडी कॉलेज मार्केट और आसपास के बाजारों में भी यही हाल था। निचली आबादियों में तो घरों में घुसे पानी के साथ बहकर सामान पानी में तैर कर सड़कों पर आ गया। बारिश में दुकानों और घरों का लाखों का सामान भीग कर बर्बाद हो गया। सड़कों पर खड़े वाहनों के इंजन में पानी भरने वे जाम हो गए। पूरी गांधी कॉलोनी बारिश के पानी में डूबी दिखाई दी। सुभाषनगर और सरवट फाटक पर भी हालात खराब थे। कई जगह घरों में रसोई से लेकर बेडरूम तक पानी इस तरह भरा कि वाइपर उठाने की नौबत भी नहीं आई। बारिश के बाद पक्के मकान भी टपकते दिखाई दिए। कच्चे मकानों की तो हालत ही खराब थी। जिन इलाकों को बारिश के पानी में जल भराव से मुक्त समझा जाता है, उनमें भी आज पानी ही दिखाई दिया।





**बारिश 45.6 मिमी**






## बारिश थमी तो जाम से जूझा शहर

**मुजफ्फरनगर।** बारिश थमने के बाद जहां तहां फंसे लोग पानी के बीच ही वाहन लेकर निकले तो शहर में चारों ओर जाम ही जाम था। बारिश के पानी में अनेक वाहन बीच में ही इंजन में पानी भरने से जाम हो गए तो उन्हें धकेलते लोग शहर की व्यवस्था को कोसते नजर आए। कुछ लोग अपने दो पहिया वाहन ई रिक्शाओं पर ढोते दिखाई दिए। बारिश के पानी के बीच तमाम स्थानों पर पानी के बीच ही जाम में फंसे लोगों के पांव पानी में डूबे रहे। जाम के हालात यह थे कि कई जगह आधा किलोमीटर की दूरी तय करने में एक घंटा लग गया। सबसे ज्यादा जाम के हालात रुड़की रोड, मेरठ रोड, अंसारी रोड, टाउन हाल रोड, कोर्ट रोड, प्रकाश चौक, मीनाक्षी चौक, मालवीय चौक, अहिल्याबाई चौक, गांधी कॉलोनी मुख्य चौराहे समेत तमाम इलाकों में दिखाई दिए। बारिश थमने के घंटों बाद तक भी हालात बेहद खराब रहे।

## करोड़ों खर्च करने वाली पालिका की छत टपकी



**मुजफ्फरनगर।** शहर को विकास के नाम पर करोड़ों खर्च करने वाली नगर पालिका को बारिश ने टपका दिया। बारिश की मार ऐसी थी कि पालिका में अधिशासी अधिकारी के कार्यालय की छत टपकने लगी। कांवड़ के दौरान अफसरों के साथ दौड़ लगाने वाले पालिका के अधिकारी और शहर के देवतुल्य नेता भी कोई मदद करते नजर नहीं आए हैं। मदद तो दूर किसी ने हाल तक नहीं पूछा कि शहर बह कर कहां जा रहा है। नगर की जनता पूछती रही कि क्या यही शहर है जिसे कभी शंघाई तो कभी इंदौर बनाने के सपने दिखाए गए थे। जो पालिका अपने भवन को नहीं सुरक्षित रख पाई उससे क्या उम्मीद की जाएगी।

# चीनी हुई 60 के पार, कड़वे होंगे त्यौहार

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** सरकार की स्टॉक पर बंदिश के बावजूद जमाखोर मान नहीं रहे हैं। इसके चलते चीनी ने महंगाई का नया रिकॉर्ड बना दिया है। फुटकर में भाव 60 से 61 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। थोक में इसका भाव 52 रुपये से बढ़कर 59 किलो हो गया है। 17 दिन में 16 से 17 रुपये किलो तक चीनी के दाम बढ़ गए हैं। आगे भी तेजी के आसार हैं। जानकारों का कहना है कि चीनी मिलों के एजेंट चीनी खरीदकर रोज नए रेट खोल रहे हैं। सरकार ने तत्काल सख्त कदम नहीं उठाए तो चीनी के दाम दिवाली तक 70 से 80 रुपये किलो पहुंच सकते हैं। हाल में चीनी की कीमतों को काबू में रखने के लिए स्टॉक लिमिट लागू की गई थी। कोई भी चीनी डीलर किसी भी स्टॉक को 30 दिन से ज्यादा तक अपने पास नहीं रख सकेगा। इस बार गन्ने की फसल भी अच्छी हुई है। कहीं पर कोई कमी भी नहीं थी लेकिन एजेंटों ने चीनी के दाम बढ़ा दिए हैं। 17 दिन पहले थोक में चीनी 47-48 रुपये किलो थी। अब 58 से 59 रुपये किलो हो गई है। 28 अगस्त को रक्षाबंधन है। कारोबारियों ने स्टॉक करना शुरू कर दिया है। चीनी महंगी होने से दिवाली पर मिठाई भी महंगी हो जाएगी।

## अब आटा और रोटी भी महंगी?: 4 प्रतिशत तक बढ़े गेहूं के दाम

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** महंगाई की मार अब खाने की थाली तक और बढ़ सकती है। वैश्विक बाजार में गेहूं की कीमतों में तेजी का असर घरेलू बाजार में भी दिखाई देने लगा है। फिलहाल गेहूं की कीमत करीब 6.7 डॉलर प्रति बुशेल के आसपास है, जो 24 जुलाई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर बताया जा रहा है। पिछले एक महीने में देश की प्रमुख मंडियों में गेहूं के भाव 3.85 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। अगर यह तेजी आगे भी बनी रहती है तो आटा, ब्रेड और गेहूं से बनने वाले दूसरे खाद्य उत्पादों की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। गेहूं की कीमतों में तेजी के पीछे काला सागर क्षेत्र में बढ़ता तनाव बड़ी वजह बन रहा है। रूस और यूक्रेन दुनिया के गेहूं निर्यात में बड़ा हिस्सा रखते हैं। रूस की ओर से यूक्रेन के साथ काला सागर में संभावित युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकराए जाने के बाद वहां तनाव बना हुआ है। हमलों से समुद्री रास्तों पर शिपिंग प्रभावित हो रही है और निर्यात घटने की चिंता बढ़ी है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की आपूर्ति को लेकर आशंका पैदा हुई है। इस वैश्विक चिंता का असर भारतीय मंडियों में भी दिख रहा है। 17 जुलाई से 17 अगस्त के बीच राजकोट में गेहूं का भाव 2,600 रुपये से बढ़कर 2,700 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दिल्ली में यह 2,782.50 रुपये से बढ़कर 2,870 रुपये, कानपुर में 2,620 रुपये से बढ़कर 2,700 रुपये और कोटा में 2,657.50 रुपये से बढ़कर 2,700 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। इंदौर में भी भाव 2,695 रुपये से बढ़कर 2,708.75 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गया। यानी कई प्रमुख मंडियों में एक महीने के भीतर कीमतें बढ़ी हैं।



# ट्रैक्टर चढ़ाकर बड़े भाई की हत्या, कोर्ट ने दी उम्रकैद

- शाहपुर के सौरम में खेत से ट्रैक्टर निकालने के मामूली विवाद पर हुई थी हत्या

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** अदालत ने शाहपुर क्षेत्र के गांव सौरम में खेत से गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली निकालने को लेकर हुए मामूली से विवाद में तेजवीर सैनी उर्फ तेजू की हत्या के मामले में आरोपी छोटे भाई सुखपाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम के जंगल में 22 अप्रैल 2023 को सुबह के समय सोनू सैनी अपने पिता तेजवीर सैनी व मां शिमला निवासी मोहल्ला सैनियान थाना शाहपुर के साथ खेत पर काम कर रहा था। सोनू सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका चाचा सुखपाल अपने परिजनों के साथ उनके खेत से गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली जबरदस्ती निकाल रहा था। उसके पिता तेजवीर ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके पिता से मारपीट की तथा उसके चाचा सुखपाल ने उस पिता के ऊपर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ा दी। गंभीर घायल की मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुखपाल, उसके बेटे विनीत, विमल, पत्नी रेजा समेत 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी सुखपाल के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कुलदीप कुमार ने बताया कि मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर 3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी सुखपाल को हत्या में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।



### पत्नी और बेटे की गवाही बनी सजा का कारण

**मुजफ्फरनगर।** मुकदमे में अभियोजन की ओर से मृतक के बेटे सोनू सैनी और पत्नी शिमला को प्रमुख गवाह बनाया गया। सोनू ने कोर्ट में बयान दिया कि सुखपाल ट्रैक्टर चला रहा था और उसके पिता के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाया गया। पत्नी शिमला ने खुद को घटना की चश्मदीद बताते हुए कहा कि खेत से ट्रैक्टर निकालने का विरोध करने पर विवाद हुआ और सुखपाल ने उसके पति के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। कोर्ट ने दोनों गवाहों के बयानों को विश्वसनीय माना और कहा कि उनके साक्ष्य से अभियोजन की कहानी की पुष्टि हुई और कोर्ट ने यह भी माना कि जिरह के दौरान ऐसी कोई गंभीर तथ्यात्मक विसंगति सामने नहीं आई, जिससे उनके बयान अविश्वसनीय माने जाएं।

### पोस्टमार्टम में मिली थी गंभीर चोटें

**मुजफ्फरनगर।** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेजवीर के शरीर पर कई चोटें मिलने का उल्लेख है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रैक्टर चढ़ाने से उनकी छाती की कई पसलियां टूटी थीं और दोनों फेफड़े क्षतिग्रस्त थे। शरीर में अत्यधिक रक्तस्राव हुआ था। चिकित्सक ने मृत्यु का कारण चोटों के कारण हुआ शॉक और हैमरेज बताया। इन चिकित्सीय साक्ष्यों को भी कोर्ट ने अभियोजन के मामले के समर्थन में महत्वपूर्ण माना।

### कानूनन अपराध नहीं खून के रिश्ते को तार-तार करने वाली घटना, हादसा बताकर बचने की कोशिश नाकाम

**मुजफ्फरनगर।** मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने सुखपाल की ओर से कोर्ट में घटना को दुर्घटना बताया गया था। बचाव पक्ष का तर्क था कि ट्रैक्टर ऊंचाई पर था, ड्राइविंग सीट पर कोई नहीं था और गन्ने से भरी ट्राली के कारण ट्रैक्टर पलट गया, जिससे तेजवीर उसकी चपेट में आ गए। अभियुक्त ने धारा 313 के बयान में भी घटना से इंकार करते हुए खुद को रंजिश के कारण झूठा फंसाए जाने की बात कही। कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया।

### न्यायधीश ने किया भगवान श्रीराम के वनवास और भरत के त्याग व भाई प्रेम का उल्लेख

**मुजफ्फरनगर।** आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट ने भगवान श्रीराम के वनवास और भरत के त्याग व भाई प्रेम का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में भाईचारे का संबंध त्याग, समर्पण और प्रेम का प्रतीक रहा है, जबकि इस मामले में दोषसिद्ध सुखपाल ने अपने ही सगे भाई की हत्या कर इस रिश्ते को कलंकित किया है। कोर्ट ने रामायण के प्रसंगों का विस्तृत उल्लेख किया और कहा कि भगवान श्रीराम ने पिता के वचन की रक्षा के लिए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया था। वहीं उनके भाई भरत ने अयोध्या का राजपाट स्वीकार करने से इंकार कर श्रीराम की खड़ाऊं को सिंहासन पर स्थापित कर आदर्श भाई होने का उदाहरण प्रस्तुत किया। कोर्ट ने कहा कि भरत और लक्ष्मण ने भाई होने का वास्तविक कर्तव्य निभाया और त्याग एवं समर्पण की मिसाल कायम की। कोर्ट ने टिप्पणी की कि जहां एक ओर भरत ने अपने बड़े भाई के अधिकार का सम्मान करते हुए राजगद्दी ठुकरा दी, वहीं दूसरी ओर सुखपाल ने अपने ही सगे भाई की हत्या कर दी। कोर्ट के अनुसार यह घटना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि भाई-भाई के रिश्ते को भी तार-तार करने वाली है तथा सामाजिक मूल्यों पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

## महिला को भगाकर उसकी सत्रह साल की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म, रेपिस्ट को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** पत्नी को भगाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और सत्रह साल की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को 40 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी देते हुए डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने 6 अगस्त 2024 को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी आदित्य निवासी अथेड़ा मोहद्दीनपुर थाना परतापुर ने उसकी पत्नी व नाबालिग बेटियों को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। आरोपी उसकी पत्नी व बेटियों को लेकर मेरठ चला गया। आरोपी ने उसकी पत्नी की एक फैक्ट्री में नौकरी लगवा दी। आरोपी एक फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था। आरोपी ने उसकी पत्नी से शारीरिक संबंध बनाए। पत्नी की अनुपस्थिति में आरोपी ने उसकी 17 वर्षीय बेटी से दुष्कर्म किया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को 7 अगस्त 2024 को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद 26 सितम्बर को कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धु की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 40 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

## महिला ने गंदे नाले में लगाई छलांग, पुलिस ने बचाया

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के बेगराजपुर में घरेलू कलह के चलते एक महिला के गंदे नाले में कूदने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को नाले से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की पहचान रूबी पत्नी मोमीन, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी पुरबालियान के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है, फिलहाल महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## पार्टी के लिए बाइक से निकले चार दोस्त की थम गई जिंदगी

**महराजगंज, 18 अगस्त (एजेंसी)।** महराजगंज जिले में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चारों युवक अपने साथी का जन्मदिन मनाने के लिए बाइक से निचलौल आ रहे थे। निचलौल-गोरखपुर मार्ग पर दमकी गांव के सामने हाईवे पर हादसा हुआ। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान क्षेत्र के पचमा गांव निवासी युवकों के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। अपनों को खोने के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। मौके पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जन्मदिन की खुशी के लिए निकले चार युवकों की अचानक मौत से गांव में भी मातम पसरा है।




# शामली में बुलडोजर एक्शन से पहले युवक ने खुद को आग लगाई

**शामली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के शामली में तहसीलदार और पुलिस टीम के सामने युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली, फिर चिल्लाते हुए पानी से भरे खेत में कूद गया। पिता, उसके घरवाले और पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे। जैसे-तैसे युवक की आग बुझाई और खेत से बाहर निकाला।

### चिल्लाते हुए खेत में कूदा, पिता-पुलिसवालों ने बुझाई आग

आनन-फानन में पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। युवक 60 से 70 प्रतिशत झुलस गया। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। दरअसल, प्रशासन युवक की बाउंड्रीवॉल गिराने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंचा था। परिजनों का कहना है कि बिना नोटिस दिए प्रशासन कार्रवाई करने जा रहा था। बेटे ने रोकने के लिए कहा, तो नहीं माने। इसी बीच वह घर से बोतल में पेट्रोल लेकर आया और खुद को आग लगा ली। फिलहाल, प्रशासन ने कार्रवाई रोक दी है। परिजनों का कहना है कि कार्रवाई रोकने के लिए कानूनगो अमरीश शर्मा ने 10 लाख रुपए मांगे थे। न देने पर जमीन की बाउंड्रीवॉल गिराने की बात कही गई थी। पूरी घटना सोमवार शाम को जिला मुख्यालय से 7 किमी दूर गोहरनी गांव में हुई, लेकिन इसका वीडियो आज सामने आया है। युवक घर से बोतल में पेट्रोल भरकर ले गया। पुलिस वाले जब तक कुछ समझ पाते, उसने खुद को आग लगा ली। युवक चिल्लाता हुआ पानी से भरे धान के खेत में कूद गया। उसके पिता और घरवालों ने जैसे-तैसे आग बुझाई। गोहरनी गांव के किसान मनोज बेनीवाल (70) के पास 26 बीघा जमीन है। इसमें 16 बीघा जमीन गांव में है। इसी जमीन के बंटवारे को लेकर उनका बड़े भाई रामनरेश की पत्नी वीरबाला (76) से 2010 से विवाद चल रहा है। 30 अप्रैल 2013 को कोर्ट ने रामनरेश के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद वीरबाला ने जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए प्रशासन से



शिकायत की। एसडीएम के आदेश पर 30 जून 2026 को राजस्व टीम ने जमीन की पैमाइश कर हिस्सा चिह्नित किया, लेकिन बाउंड्रीवॉल के कारण कब्जा नहीं दिलाया जा सका। बाद में राजस्व टीम पुलिस के साथ फिर मौके पर पहुंची। वीरबाला के हिस्से में बना मुर्गी फार्म टूटा मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज और उनके बेटे आदित्य ने इसे तोड़ा है। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद भी हुआ। 14 अगस्त को राजस्व टीम पुलिस के साथ फिर पहुंची। दोनों पक्षों की सहमति से बाउंड्रीवॉल का करीब आधा हिस्सा हटाया गया और वीरबाला को जमीन पर दखल दिलाया गया। बाकी दीवार हटाने के लिए मनोज ने दो दिन का समय मांगा। समय बीतने के बाद भी दीवार नहीं हटाई गई। इसके बाद वीरबाला 17 अगस्त को तहसील समाधान दिवस पहुंचीं और जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की। इसके बाद राजस्व टीम को पुलिस के साथ मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए। एसडीएम सदर सचिन राजपूत ने बताया- रिश्वत मांगने या लेने का कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है। राजस्व टीम ने कोर्ट के आदेश और शिकायत के आधार पर जमीन की पैमाइश कर हिस्सा चिह्नित किया था। बाउंड्रीवॉल के कारण पहले कब्जा नहीं दिलाया जा सका था। बाद में दोनों पक्षों की सहमति से कार्रवाई की गई। रिश्वत के आरोपों समेत पूरे घटनाक्रम की जांच की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही किसी राजस्व कर्मचारी की भूमिका तय होगी। एसडीएम सदर सचिन राजपूत ने बताया- वीरबाला ने जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर कई बार शिकायतें की थीं।

# मंगल बाजार पर बारिश की मार, जलभराव से नहीं लगी दुकानें

### सड़क किनारे पहुंचे दुकानदारों को पुलिस ने हटाया
### सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश से पांच सितंबर तक रोक





**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** नुमाइश ग्राउंड में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक पैठ बाजार यानी मंगल बाजार इस बार जलभराव की वजह से नहीं लग सका। कांवड़ यात्रा के चलते करीब एक महीने तक बाजार बंद रहने के बाद दुकानदारों को कारोबार शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन बारिश और पानी भरने से उनकी परेशानियां और बढ़ गईं। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में दुकानदार अपनी दुकानें लगाने के लिए नुमाइश ग्राउंड पहुंचे, लेकिन वहां बारिश का पानी जमा होने के कारण बाजार लगाना संभव नहीं हो पाया। मजबूरी में कई दुकानदारों ने ग्राउंड के बाहर सड़क किनारे दुकानें सजानी शुरू कर दीं। सड़क पर दुकानें लगने की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। दोपहर करीब 12 बजे अधिकारियों ने दुकानदारों से सड़क खाली करने को कहा कि जिससे नाराजगी बढ़ गई और कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने सड़क से हटकर थोड़ी दूरी पर दुकानें लगाने का सुझाव दिया, लेकिन दुकानदारों का कहना था कि वहां भी जलभराव और व्यवस्था की समस्या बनी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के कारण पहले ही करीब एक महीने तक बाजार बंद रहा। अब जब बाजार दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी, तो बारिश और जलभराव ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं। उनका कहना है कि लगातार कारोबार प्रभावित होने से आर्थिक संकट गहरा गया है। कई दुकानदार अपने बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि यह बाजार उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें ऐसी जगह उपलब्ध कराई जाए, जहां बिना यातायात बाधित किए दुकानें लगाई जा सकें और उनका कारोबार भी सुचारु रूप से चल सके। उधर इस सम्बंध में स्टेडियम चौकी प्रभारी अरुण चाहर ने मामले के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों स्टेडियम ग्राउंड में लगातार हुई बरसात का पानी जमा हो गया है। ग्राउंड में अत्यधिक पानी भरा होने की वजह से इस समय वहां मंगल बाजार लगाने के लिए अनुकूल स्थिति बिल्कुल नहीं है। इसी वजह से प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर पांच सितंबर तक स्टेडियम ग्राउंड में मंगल बाजार लगाने पर रोक लगा दी गई है। चौकी प्रभारी के अनुसार, आगामी पांच सितंबर तक ग्राउंड के भीतर मंगल बाजार नहीं भरा जाएगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सड़क के किनारे लगाई जा रही दुकानों को वहां से हटाना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों को समझाते हुए बताया कि सड़क के किनारे इस तरह दुकानें सजाने से रास्ते से गुजरने वाले यातायात पर बुरा असर पड़ेगा, जब पुलिस कर्मियों द्वारा सड़क किनारे से दुकानें हटवाई जा रही थीं, तब वहां मौजूद कुछ महिलाओं और छोटे दुकानदारों ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध प्रदर्शन के कारण मौके पर कुछ समय के लिए तनाव बढ़ गया। हालांकि, पुलिस टीम ने वहां मौजूद लोगों और विरोध कर रही महिलाओं को शांत कराने का प्रयास लगातार जारी रखा। पुलिस ने सभी को समझा-बुझाकर स्थिति को काबू में किया और माहौल को शांत कराया।

### 121 टोल प्लाजा पर ऑनलाइन 'फास्टैग लोकल पास' सुविधा शुरू

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देश के 121 टोल प्लाजा पर ऑनलाइन फास्टैग स्थानीय पास की सुविधा का विस्तार किया है। मंगलवार को यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि दैनिक यात्री राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप के जरिये आनलाइन मासिक स्थानीय पास ले सकते हैं। इससे टोल प्लाजा पर व्यक्तिगत रूप से जाने और सहायक दस्तावेजों को मैनुअल रूप से जमा करने की जरूरत खत्म हो जाएगी। यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग यात्रा को अधिक सहज और नागरिक केंद्रित बनाने के उद्देश्य से की गई है। इसके तहत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके टोल संचालन की पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाया जा रहा है। डिजिटल स्थानीय पास व्यवस्था के तहत जो लोग किसी टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं, वे राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप के माध्यम से स्थानीय पास के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## एलपीजी ई-केवाईसी की डेडलाइन बढ़कर 23 अगस्त हुई

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** गैस सिलेंडर की ई-केवाईसी कराने की आखिरी तारीख 16 से बढ़ाकर 23 अगस्त कर दी गई है। इसके बावजूद ऑयल कंपनियों का सर्वर डाउन होने से यह प्रक्रिया ठप्प पड़ गई है। मोबाइल एप्स के ठीक से काम न करने के कारण लोग अभी भी अपना वेरिफिकेशन पूरा कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। काउंटर्स पर काम रुकने के कारण एलपीजी एजेंसियों पर लंबी कतारें लगी हैं। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी ग्राहकों को इस बात का भरोसा नहीं है कि उनका ई-वाईसी हो पाएगा या नहीं।

## खड़गे बोले-मैं विधायक बना था तब अमित शाह बच्चे थे: हमें देशभक्ति न सिखाएं

**पणजी, 18 अगस्त (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब अमित शाह बच्चे थे और आज हमें देशभक्ति सिखा रहे हैं। उन्होंने यह बात दक्षिण गोवा में एक जनसभा में कही। वहीं, खड़गे ने कहा, भाजपा धर्म विरोधी हैं, क्योंकि जब मैंने 8 अगस्त को उत्तराखंड में हल्द्वानी के रामलीला मैदान पर सभा की थी तो 2 दिन बाद मंच का शुद्धिकरण किया गया। ऐसा लगा जैसे मुझे अछूत माना गया हो। क्या लोकतंत्र ऐसे चलता है। देश में दलितों के लिए क्या कोई जगह नहीं है।' दरअसल, शाह ने 16 अगस्त को आरोप लगाया था- ह्यकांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को गान को रोकने को कहा था।

## गृह क्लेश के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत गंभीर

**बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव इटावा में गृह क्लेश के चलते एक युवक द्वारा देर रात्रि कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लेने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गांव इटावा निवासी अंकित पुत्र कन्हैयालाल ने गृह क्लेश के चलते कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन युवक को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उपचार शुरू किया। बताया जा रहा है कि फिलहाल युवक का अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। बाय वाला चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह ने बताया कि युवक ने अंधेरे में गलती से खांसी की दवा समझकर कीटनाशक दवा पी लिया। घटना के बाद गांव में भी मामले को लेकर चर्चा बनी हुई है।



# चरथावल में बारिश से दो कच्चे मकान गिरे

**चरथावल, 18 अगस्त (बु.)।** चरथावल विकासखंड स्थित लुहारी खुर्द गांव में लगातार बारिश के कारण दो गरीब परिवारों के कच्चे मकान ढह गए। इस घटना से परिवारों के सामने आवास का संकट खड़ा हो गया है। हालांकि, गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के चलते कच्चे मकानों की दीवारें और छतें कमजोर हो गई थीं। मंगलवार को अचानक ये मकान भरभराकर गिर गए। हादसे में घरों में रखा सामान भी मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ढहने वाले मकानों में शहजाद पुत्र हाशिम और वकील पुत्र जरीफ के कच्चे घर शामिल हैं। मकान गिरने के बाद दोनों परिवारों के सामने सुरक्षित आश्रय की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इन परिवारों ने अब प्रशासन से तत्काल मदद की अपील की है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले का संज्ञान लेने, मौके का निरीक्षण करने और हुए नुकसान का आकलन करने की मांग की है। उनका कहना है कि पात्र परिवारों को नियमानुसार आर्थिक सहायता और आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों ने बारिश के मौसम को देखते हुए गांव में अन्य जर्जर कच्चे मकानों का भी सर्वे कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।





### एडीएम सदर और खालापार कोतवाल ने मौके पर लिया जायजा

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** मंगल बाजार के बाहर हंगामे और विरोध-प्रदर्शन की खबर मिलते ही जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। एडीएम सदर तथा खालापार थाना के कोतवाल बबलू कुमार वर्मा खुद मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने पूरी स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां मौजूद छोटे दुकानदारों से बातचीत की और उन्हें समझाते हुए सड़क किनारे बाजार न लगाने के निर्देश दिए।

# यूपी में 59 साल पुराने मस्जिद-मदरसे पर चला बुलडोजर : 2 घंटे में 6 बुलडोजरों से गिराया

**सिद्धार्थनगर, 18 अगस्त (एजेंसी)।** मंगलवार को एक मस्जिद और मदरसे के आधे से ज्यादा हिस्से को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया। 59 साल पुराना मस्जिद-मदरसा सरकारी जमीन पर बना था। सुबह 7 बजे रुद्र और 5 थानों के लगभग 100 पुलिसकर्मी 6 बुलडोजर लेकर पिपरा रामलाल गांव पहुंचे। 14 हजार स्क्वायर फीट में बने मस्जिद-मदरसे के अवैध 9 हजार स्क्वायर फीट हिस्से पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। इस बीच, डुमरियागंज की सपा विधायक सैय्यदा खातून, सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव समेत 50 से ज्यादा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। बुलडोजर एक्शन का विरोध कर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने रोका तो बहस होने लगी। उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। करीब आधे घंटे तक इलाके में तनाव बना रहा। बाद में पुलिस ने बैरिकेडिंग कर लोगों को दूर किया और 2 घंटे में आधी मस्जिद, आधे मदरसे, 7 कमरे और एक दुकान को ढहा दिया। मामला जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर डुमरियागंज तहसील क्षेत्र का है। 14 हजार स्क्वायर फीट में 5 हजार स्क्वायर फीट हिस्सा ही वैध था। बाकी 9 हजार स्क्वायर फीट जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। मदरसे पर बुलडोजर एक्शन के दौरान सपा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव समेत पार्टी समर्थकों की पुलिस से तीखी बहस हुई। गांव के लोगों ने बताया- आरबिया जियाउल उलूम मदरसा 1938 में गांव के अंदर बना था।1967 में इसे पीपरा रामलाल गांव की मेन रोड यानी बांसी-डुमरियागंज मार्ग पर शिफ्ट कर दिया गया। मदरसे का निर्माण पहले निजी जमीन पर किया गया। उसके बाद धीरे-धीरे आगे खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा होता चला गया। मदरसे में करीब 400 बच्चे पढ़ते थे। अफसरों ने बताया- सरकारी रिकॉर्ड में मदरसे की जमीन सिर्फ 5 हजार स्क्वायर फीट ही है। बाकी 9 हजार स्क्वायर फीट जमीन खेल के मैदान के रूप में दर्ज है। 2022 में पांच ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस जमीन से कब्जा हटाने के लिए डुमरियागंज तहसीलदार कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद 2023 में बेदखली का आदेश जारी हुआ। आदेश को मदरसे के केयरटेकर अब्दुल सलाम ने 2023 में डीएम कोर्ट में चुनौती दी। 3 साल चली सुनवाई के बाद 14 अगस्त 2026 को डीएम ने तहसीलदार कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए मदरसा पक्ष की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद प्रशासन ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया। तय समय सीमा में कब्जा न हटाए जाने पर डुमरियागंज रुद्र विवेकानंद मिश्र, डुमरियागंज के उड बृजेश वर्मा और बांसी के उड सिवेंदु सिंह की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हुई।



## योगी का ऐलान- पीआरडी जवानों का भत्ता 600 करेंगे: कैशलैस योजना शुरू की, 5 लाख तक इलाज फ्री होगा

**गोरखपुर, 18 अगस्त (एजेंसी)।** सीएम योगी ने मंगलवार को गोरखपुर में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवानों के लिए मुख्यमंत्री पीआरडी परिवार कल्याण योजना का शुभारंभ किया। इसमें पीआरडी जवान के परिवार का 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज होगा। योगी ने ऐलान किया कि जल्द ही पीआरडी जवानों का भत्ता रोजाना 600 किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा चुकी है। अभी पीआरडी जवानों को 500 रुपए मिलते हैं। प्रदेश में 31 हजार पीआरडी जवान रजिस्टर्ड हैं। इसमें 2 हजार से ज्यादा महिलाएं हैं। सीएम ने पीआरडी जवानों के वर्दी भत्ते के 3000 रुपए उनके खातों में ट्रांसफर किए। इससे पहले लखनऊ में बनने वाले पीआरडी भवन का शिलान्यास किया। 1948 में गठित प्रांतीय रक्षक दल के जवान (स्वयंसेवक) पुलिस के काम में मदद करते हैं। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा- पीआरडी जवानों को सुविधा मिली है तो उन्हें और बेहतर ढंग से काम करना होगा। हम सब भारतवासियों का एक ही लक्ष्य होना चाहिए। वह है 'देश प्रथम'। जो बांटने का काम करते हैं, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। पीआरडी जवानों का भत्ता 2019 तक 250 रुपए था। 2019 में इसे बढ़ाकर 375 किया। 2022 में 395 रुपए किया। फिर 500 किया।

# देश में बनेंगे फाइटर जेट-टैंक और मिसाइल सिस्टम के उपकरण

### सरकार ने 405 प्रोडक्ट की लिस्ट जारी की; 3000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** सरकार हथियारों-मिसाइलों और टैंक के ज्यादातर पार्ट्स भारत में ही बनाना चाहती है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को 405 स्ट्रैटेजिक आइटम्स की छठी लिस्ट जारी की। इनमें अलग-अलग मशीनों के हिस्से, स्पेयर पार्ट्स, कंपोनेंट, सब-सिस्टम और रॉ मटेरियल शामिल है। हेलिकॉप्टर और लड़ाकू विमान से जुड़े सामान, टैंक और बख्तरबंद गाड़ियों के सामान, रडार, सोनार और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और टैंक रोधी गोला-बारूद भी शामिल हैं। अगर ये सामान देश की कंपनियां ही बनाती हैं तो कुल 3,070 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। इसका मकसद डिफेंस सेक्टर में आयात घटाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ानाा है। रक्षा मंत्रालय के तहत जारी लिस्ट में हर प्रोडक्ट के भारतीयकरण के लिए तय समय दिया गया है। इस काम में उद्योग, खासकर टरटए की भागीदारी होगी। मंत्रालय ने कहा कि इससे आयात पर निर्भरता घटाने में भी मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इससे भारतीय उद्योगों के पास अवसर बढ़ेंगे। घरेलू प्रोडक्शन सिस्टम मजबूत होगा। इसके अलावा इन्वेस्टमेंट और इनीशिएटिव को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।



## 11वीं के छात्र की हृदय गति रुकने से मौत

**बुलंदशहर, 18 अगस्त (एजेंसी)।** लंच का समय था, छात्र रोज की तरह स्कूल में मौजूद थे। इसी बीच कक्षा 11 का छात्र अचानक जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। आसपास मौजूद छात्रों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। कॉलेज कर्मचारी आनन-फानन छात्र को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से बेहतर उपचार के लिए बुलंदशहर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को कस्बा स्थित स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कक्षा 11 के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव केशोपुर सठला निवासी 17 वर्षीय तुषार पुत्र सत्यप्रकाश के रूप में हुई। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बताया कि लंच के समय वह कॉलेज से बाहर थे। इसी दौरान उन्हें छात्र की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली। कॉलेज के अंदर पहुंचने पर देखा कि तुषार जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा था और आसपास मौजूद छात्र उसके पैरों की मालिश कर रहे थे। छात्र की हालत देखकर कॉलेज कर्मचारियों ने तत्काल उसे पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने छात्र को सीपीआर दी। सांस लेने में परेशानी होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज कर्मचारियों ने परिजनों को सूचना दी और तुषार को बुलंदशहर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### नेता के नाम से ठगने का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** साइबर ठग ने एक नेता के नाम से ट्रेवल एजेंसी संचालक को ठगने का प्रयास किया। ट्रेवल एजेंसी संचालक ने डीआईजी व एसएसपी को ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस कर रही है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित जीनस ट्रेवल एजेंसी के संचालक मोहम्मद शाहिद के पास सोमवार वाट्सएप काल में फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को एक नेता का निजी सहायक बताकर एक अन्य व्यक्ति ने फोन पर स्वयं को नेता बताकर बातचीत की। आरोपी ने लखनऊ से चंडीगढ़ के लिए 18 अगस्त की फ्लाइट के टिकट बुक करने के लिए कहा। ट्रेवल एजेंसी संचालक ने टिकट बुकिंग के लिए पहचान पत्र मांगा। उसके बाद भलिंदर पाल सिंह के नाम का पहचान पत्र भेजा। ट्रेवल एजेंसी संचालक ने यात्री से सीधे वीडियो काल करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने फोन काट दिया। ट्रेवल एजेंसी संचालक ने इसकी शिकायत एसएसपी और डीआइजी की ई-मेल आइडी पर की है। मामले की जांच सिविल लाइंस थाना पुलिस कर रही है।

## फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाने पर पंचायत सचिव सस्पेंड : सहायक को भी निलंबित करने के आदेश

**सहारनपुर, 18 अगस्त (एजेंसी)।** सहारनपुर के गंगोह ब्लॉक के खानपुर गुर्जर गांव में फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। जांच समिति की रिपोर्ट के बाद डीएम अरविंद कुमार चौहान ने पंचायत सचिव गौरव शर्मा को निलंबित कर दिया। वहीं पंचायत सहायक साबिर को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के भी आदेश दिए गए हैं। मामला शिकायत के बाद सामने आया था। आरोप था कि पंचायत सचिव गौरव शर्मा ने सीआरएस (सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) पोर्टल की अपनी आईडी और पासवर्ड पंचायत सहायक साबिर को दे दिए। इसके बाद साबिर ने पोर्टल का इस्तेमाल कर कई लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए। इनमें से कुछ प्रमाण पत्र बाद में निरस्त भी किए गए।

### युवक से बेरहमी से मारपीट, पेशाब करने का आरोप

**हाथरस, 18 अगस्त (एजेंसी)।** हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के वाजिदपुर बाजार में सोमवार शाम एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कुछ लोगों पर युवक को लोहे की रॉड और सरिया से पीटने, गले में अंगोछे का फंदा डालकर घसीटने और उसके ऊपर पेशाब करने का आरोप लगाया है। नगला भानचंद निवासी शिव कुमार पुत्र मुनेस कुमार सोमवार शाम करीब 6:30 बजे किसी काम से वाजिदपुर बाजार गए थे। पीड़ित पक्ष के अनुसार, वहां पहले से मौजूद चार-पांच लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोप है कि इसके बाद लोहे की रॉड और सरिया से उनके साथ मारपीट की गई। शिव कुमार के अनुसार, मारपीट के दौरान उनके गले में अंगोछे का फंदा डालकर उन्हें जमीन पर गिराया गया और बाजार में घसीटते हुए भी पीटा गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद उनके ऊपर पेशाब भी किया गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो मोबाइल से बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है।

### फिलीपींस के स्कूल में छात्र ने क्लासमेट को गोली मारी:फिर खुदकुशी की

**मनीला, 18 अगस्त (एजेंसी)।** फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में मंगलवार को एक स्कूल में गोलीबारी हुई है। एक छात्र ने अपने ही क्लासमेट को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद भी जान दे दी। फायरिंग में दो सुरक्षा गार्डों की भी मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। घटना एटेनियो डी जाम्बोआंगा यूनिवर्सिटी के स्कूल कैंपस में हुई। पुलिस का कहना है कि आरोपी छात्र ने हमले का कुछ हिस्सा फेसबुक पर लाइव भी दिखाया था। घटना के बाद छात्रों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कक्षा 9 का छात्र मोहम्मद मैल जलानी था। वह दो पिस्तौल लेकर स्कूल आया था। पहले उसने एक टीचर पर गोली चलाई, लेकिन वह बच गए। इसके बाद उसने कक्षा 10 के एक छात्र को गोली मार दी, फिर ऊपर की मंजिल पर गया और वहां से कूदकर जान दे दी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद: विफल रही बात

### हिंदू पक्षकार बोले- नहीं देंगे मस्जिद के लिए एक इंच जमीन

**मथुरा, 18 अगस्त (एजेंसी)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही सुलह-समझौते की कोशिशें एक बार फिर नाकाम साबित हुई हैं। मथुरा के सुलह समझौता केंद्र में मंगलवार को होने वाली दूसरी वार्ता मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति के कारण विफल हो गई। मुस्लिम पक्ष के न आने पर कोर्ट ने पत्रावली पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस अहम विवाद की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट में 21, 22 और 23 अगस्त को की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुलह केंद्र में दूसरी सुनवाई तय थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष वहां उपस्थित नहीं हुआ। इससे पहले 7 अगस्त को भी दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई थी, जो पूरी तरह बेनतीजा रही थी। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने अपना रुख कड़ा करते हुए स्पष्ट किया कि पहले मुस्लिम पक्ष के सामने मस्जिद हटाने के बदले अन्य जगह जमीन देने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन, अब उन्होंने कोर्ट में साफ कर दिया है कि यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि की ही है, इसलिए अब मस्जिद के बदले कोई भी वैकल्पिक भूमि नहीं दी जाएगी। मामले के एक अन्य हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहरी ने मुस्लिम पक्ष की गैरहाजिरी पर सवाल खड़े किए हैं। फलाहरी का दावा है कि मुस्लिम पक्ष के पास इस विवादित स्थल से जुड़े कोई भी ठोस दस्तावेज मौजूद नहीं हैं। उनका कहना है कि यही मुख्य कारण है कि वे बार-बार कोर्ट की कार्यवाही और समझौता वार्ता से बच रहे हैं। हालांकि, दिनेश फलाहरी ने यह भी बताया कि उन्होंने मुस्लिम पक्ष को मेवात में जमीन देने और नई मस्जिद के निर्माण का पूरा खर्च उठाने का प्रस्ताव दिया था। अब सुलह की गुंजाइश खत्म होने के बाद, सभी की निगाहें आगामी 21 से 23 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में होने वाली महत्वपूर्ण सुनवाई पर टिकी हैं।



# दिल्ली पौड़ी राजमार्ग पर भरे पानी में स्कूल जा रहे बच्चों की ई-रिक्शा पलटी

**▸▸ राजमार्ग पर बाढ़ जैसे हालत से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ ▸▸ ई-रिक्शा में सवार तीन बच्चे मामूली रूप से घायल हुए, बड़ा हादसा होते-होते बचा**








फोटो कैप्शन-मीरापुर में राजमार्ग पर भरे पानी में पलटी स्कूली बच्चों से भरी ई-रिक्शा व जलभराव में फंसा बाइक सवार और वहाँ से निकलते अन्य वाहन

**मीरापुर, 18 अगस्त (बु.)।** मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर कई-कई फुट पानी भरने से राजमार्ग पर बाढ़ जैसे हालत बन गए। मंगलवार सुबह राजमार्ग पर भरे बाढ़ जैसे पानी में स्कूल जा रहे बच्चों की ई-रिक्शा पलट गई। ई-रिक्शा पानी में पलटने से बच्चे पानी में गिर गए, आसपास के लोगों ने दौड़कर ई-रिक्शा को सीधा कर बामुश्किल बच्चों को पानी से बाहर निकाला।

मीरापुर क्षेत्र में सोमवार की देर शाम से लगातार हो रही बारिश के चलते कस्बे में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर मॉडर्न पेट्रोल पंप के समीप कई-कई फुट पानी भर गया, जिस कारण कई दुपहिया वाहन चालक पानी में गिरकर घायल हो गए। मंगलवार की सुबह स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल जा रही एक ई-रिक्शा राजमार्ग पर अत्यधिक पानी भरा होने के कारण अनियंत्रित होकर पानी में पलट गई और ई-रिक्शा में सवार कैथोड़ा की आशियाना कॉलोनी निवासी आबाद के तीन छोटे बच्चे अयान, एलाईश व अरहम पानी में ही ई-रिक्शा के नीचे दब गए और मामूली रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दौड़कर ई-रिक्शा को सीधा किया और बच्चों को पानी से सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान ई-रिक्शा चालक संदीप का मोबाइल फोन भी में पानी में गिरकर खो गया। गनीमत रही कि जिस समय बच्चों की ई-रिक्शा पानी में पलटी उस समय वहां से कोई बड़ा वाहन नहीं गुजर रहा था, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार जलभराव होने के चलते लोगों ने नगर पंचायत व प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**....इन्होंने कहा कि रात्रि से हो रही लगातार बारिश के चलते राजमार्ग पर पानी भर गया है। नगर पंचायत द्वारा पम्पिंग सेट चलाकर लगातार पानी निकाला जा रहा है। जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान कराया जायेगा।**

**-जमील अहमद, चेयरमैन, मीरापुर**

## स्कूली बस भी पलटने से बाल-बाल बची

**मीरापुर।** राजमार्ग पर हुए जलभराव में दर्जनों दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हुए, किन्तु मंगलवार को ही एक स्कूली बच्चों से भरी एक बस भी राजमार्ग पर भरे पानी में गड्ढे में पहिया गिरने से पलटने से बाल-बाल बच गई। बस गड्ढे में फसने के चलते पूरी तिरछी हो गयी तो मौके पर शोर मच गया। आसपास के लोगों और राहगीरों ने बामुश्किल बस को धक्का लगाकर जलभराव से बाहर निकाला अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## यूपीआई पेमेंट पर चार्ज लगाने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कराधान एवं अन्य कानून (संशोधन) अधिनियम, 2026 और भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन से जुड़े कानून को मंजूरी दे दी है। इन विधेयकों को संसद ने 10 अगस्त को पारित किया था। भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम में संशोधन से सरकार को यूपीआइ और रुपे कार्ड लेनदेन पर शुल्क लगाने का कानूनी आधार मिल गया है। सरकार अधिसूचना के जरिये यह तय कर सकेगी कि किन इलेक्ट्रानिक भुगतान माध्यमों या लेनदेन पर व्यवसायी रियायती (एमडीआर) शुल्क नहीं लगेगा। फिलहाल बैंक और भुगतान प्रणाली प्रदाता यूपीआइ और रुपे डेबिट कार्ड से किए गए भुगतान पर यूजर से शुल्क नहीं ले सकते हैं। एनपीसीआइ की अध्यक्षता वाली यूपीआई एवं सेवा संचालन समिति अब एमडीआर शुल्क के संबंध में निर्णय लेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस विधेयक पर चर्चा के दौरान सदन में कहा था कि यूजर के लिए यूपीआई भुगतान निःशुल्क बना रहेगा और भविष्य में एमडीआर शुल्क कुछ निश्चित श्रेणियों के कारोबारी लेनदेन पर ही लागू होगा।

## दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के टेंडर में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामले में एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने मंगलवार को दिल्ली की केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सत्येंद्र जैन समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तत्कालीन डीजेबी सीईओ और आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय, बोर्ड के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव, एएन एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर नागेंद्र यादव, यूरोटेक एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राजा कुमार कुर्रा और सृजनहार के प्रोपराइटर पंकज वर्मा शामिल हैं। एसीबी के प्रमुख सयुंक्त पुलिस आयुक्त विक्रमजीत सिंह के मुताबित, मामला एसटीपी के उन्नयन और क्षमता बढ़ाने के लिए जारी टेंडरों में बड़े पैमाने पर अनियमितता, टेंडर शर्तों में हेरफेर और आपराधिक साजिश से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि टेंडर में ऐसी तकनीकी शर्तें शामिल की गईं, जिनसे एक खास तकनीक और उसके प्रदाता यूरोटेक को तौर पर फायदा हुआ। इससे प्रतिस्पर्धा सीमित हुई और सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ पड़ा। एसीबी ने इस मामले में 11 मई 2024 को एफआईआर दर्ज की थी। इसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के साथ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश की धाराएं लगाई गई हैं। एजेंसी का दावा है कि मामले में पैसों के पूरे लेन-देन और अपराध से अर्जित रकम की जांच जारी है।